# चंडीगढ़ रोड शो में मिले 10 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

## उद्यमियों के साथ बैठक में 29 एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर, 20 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर देश-विदेश से निवेश जुटाने की कोशिशों का सफर शुक्रवार को चंडीगढ़ रोड शो के साथ ही समाप्त हो गया। चंडीगढ़ में हुए घरेलू रोड शो के आठवें पड़ाव में टीम यूपी को करीब 10 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' के नेतृत्व में मंत्रियों और अधिकारियों की टीम ने निवेशकों के साथ बैठक की, इस दौरान 29 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी की गई। इस निवेश के धरातल पर उतरने से प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**प्रमुख कंपनियां जो करेंगी निवेश**

| कंपनी | निवेश प्रस्ताव |
|---|---|
| यूनिक एनर्जीज प्रा.लि. | 1100 |
| खे इंजीनियरिंग डिवाइसेज प्रा.लि. | 1000 |
| अमर्टेक्स इंडस्ट्री | 1000 |
| माधव केआरजी प्रा. लि. | 700 |

निवेश प्रस्ताव (करोड़ रुपये में)

रोड शो में मंत्री नंदी के साथ कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने प्रदेश सरकार के विजन को निवेशकों से साझा किया। मंत्री नंदी ने निवेशकों से चर्चा के दौरान उत्तर प्रदेश को संभावनाओं वाला प्रदेश बताया। बलदेव सिंह औलख ने प्रदेश में बेहतर हुई कनेक्टिविटी, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट का विशेष रूप से जिक्र किया। धर्मवीर प्रजापति ने सुदृढ़ कानून व्यवस्था और आधारभूत संरचना की चर्चा की। रोड शो से पूर्व निवेशकों के साथ हुई बिजनेस टू गवर्मेंट (बीटूजी) बैठकों में सरकार की ओर से प्रदेश की नई औद्योगिक नीति के बारे में जानकारी दी गई और निवेशकों को सहयोग का भरोसा दिलाया गया। रोड शो में उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। यूको बैंक की पहली महिला मैनेजर प्रकाश कौर अहलूवालिया ने कहा कि उनका उत्तर प्रदेश से पुराना नाता है। पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में कई बड़े परिवर्तन हुए है। खासकर कानून व्यवस्था में जो बदलाव आया है वो बहुत ही अच्छा है। वहीं कारपोरेट ट्रेनर जगदीश खत्री ने कहा कि उनके जीवन के कई वर्ष प्रयागराज में बीते हैं। आज जब उत्तर प्रदेश के बदले हुए माहौल को देखता हूं तो एक बार फिर से यूपी में काम करने का मन बना है। कांपिटेंट ग्रुप के हरी सिंह ने कहा कि हम 2018 से यूपी में काम कर रहे हैं। हमारी कंपनी में छह हजार लोग काम करते हैं।

### 389 कारपोरेट और इंडस्ट्री को भेजा गया आमंत्रण

राब्यू, लखनऊ : समिट में लगने वाले विभिन्न प्रदर्शनी के स्टाल के लिए करीब 25 हजार वर्ग मीटर जगह आवंटित की गई है। इसमें पार्टनर कंट्री और इंडस्ट्री पार्टनर को 600 वर्ग मीटर का एरिया दिया जाएगा। वहीं, प्राइवेट, पब्लिक सेक्टर यूनिट और सेंट्रल गवर्मेंट के लिए 11406 वर्ग मीटर का क्षेत्र आवंटित किया जाएगा जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों को 4508 वर्ग मीटर का क्षेत्र आवंटित किया जाएगा। प्रदर्शनी क्षेत्र के चारों ओर सड़क रहेगी। यूपी जीआइएस में शामिल होने के लिए सरकार के स्तर से 389 पत्र कारपोरेट और इंडस्ट्री सेक्टर को भेजे गए हैं। इसके अलावा दूसरे राज्यों और केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों को भी शासन के स्तर से आमंत्रण भेजा गया है।